सौगात | धार्मिक व पर्यटन नगरी अमरकंटक से पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा का शुभारंभ

# हेलीकॉप्टर सेवा से पर्यटन को मिलेगी नई उड़ान : राज्यमंत्री



**अनूपपुर नवभारत 21 नवंबर।** पवित्र नगरी अमरकंटक में पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा प्रारंभ होने से अमरकंटक के धार्मिक व पर्यटन महत्व के साथ-साथ यहां के नैसर्गिक व प्रकृति का आनंद देश और विदेश के नागरिकों को सहज रूप से प्राप्त होगा। हेली पर्यटन सेवा से अमरकंटक को नई उड़ान मिल सकेगी। धार्मिक व पर्यटन की दृष्टि से प्रारंभ की गई हेली सेवा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार जताया है। उक्ताशय के विचार शुक्रवार को मध्य प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल अमरकंटक में पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते व्यक्त किए। मंत्री जायसवाल ने कहा कि पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा से अमरकंटक के साथ ही बांधवगढ़ व जबलपुर की यात्रा सरल व सहज होगी। उन्होंने कहा कि हेली पर्यटन सेवा से दिव्यांग व शारीरिक रूप से दिक्कत वाले लोगों को भी अमरकंटक के आध्यात्मिक व पर्यटन का लाभ सुलभता से प्राप्त होगा।

### पर्यटन की दृष्टि से होमस्टे की भूमिका महत्वपूर्ण : कलेक्टर

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि बड़े धार्मिक महत्व वाले क्षेत्र की तरह अमरकंटक में पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा का शुभारंभ से अमरकंटक के पर्यटन व धार्मिक महत्व का लाभ बड़ी संख्या में लोग ले सकेंगे। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से पर्यटकों के ठहराव के लिए होमस्टे के निर्माण पर जोर देते हुए कहा कि पर्यटन की दृष्टि से होमस्टे की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि नर्मदा लोक के डीपीआर का कार्य पूर्ण हो चुका है शीघ्र ही निर्माण कार्यों का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित होगा।

**सप्ताह में तीन दिन मिलेगी सेवा**

जिले के अमरकंटक में पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा का शुभारंभ हो गया है। इस सेवा से धार्मिक और पर्यटन नगरी अमरकंटक का महत्व बढ़ेगा। अमरकंटक से जबलपुर तक एक घंटे की उड़ान का किराया 5,000 रुपए निर्धारित किया गया है। अमरकंटक से जबलपुर एवं जबलपुर से अमरकंटक के लिए सप्ताह में तीन दिवस की सेवा मिलेगी, जिसमे शुक्रवार, शनिवार और रविवार को दोनों तरफ दो-दो ट्रिप की होगी।

### हेली पर्यटन सेवा का 4 यात्रियों ने उठाया लाभ

पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित बाल्को जगतपुर हेलीपैड से पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा अमरकंटक के शुभारंभ अवसर पर अमरकंटक से जबलपुर तक की यात्रा चार यात्रियों द्वारा की गई। हेलीकॉप्टर की पहली उड़ान पायलट विक्रम ने भरी स्थानीय प्रशासन द्वारा पायलट तथा यात्रियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

**ट्रायल रन का लाभ उठाया मंत्री जायसवाल ने**

हेली पर्यटन सेवा के ट्रायल रन का लाभ मंत्री दिलीप जायसवाल, राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने उठाया। इस अवसर पर कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) रामलाल रौतेल, नगर परिषद अमरकंटक की अध्यक्ष पार्वती सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, महामंडलेश्वर राम भूषण दास, कल्याण आश्रम के संत, मृत्युंजय आश्रम के व्यवस्थापक योगेश दुबे आदि उपस्थित रहे।



# भगवा पार्टी आज करेगी सद्बुद्धि हवन यज्ञ

**अनूपपुर नवभारत 21 नवंबर।** भारतीय गण वार्ता पार्टी (भगवा) के जिला अध्यक्ष पंडित कन्हैया लाल मिश्रा ने बताया कि अनूपपुर नगर के बहुप्रतीक्षित रेलवे ओवरब्रिज निर्माण में हो रही लगातार देरी को लेकर भगवा पार्टी ने शांतिपूर्ण, रचनात्मक और सनातन परंपराओं पर आधारित सद्बुद्धि हवन यज्ञ आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह हवन शनिवार 22 नवंबर को प्रात: 11.00 बजे से आयोजित होगा।

कार्यक्रम को प्रतीकात्मक रूप से अधिक प्रभावी बनाने के लिए हवन स्थल ओवरब्रिज के नीचे ही निर्धारित किया गया है, ताकि प्रशासन और शासन का ध्यान सीधे तौर पर इस लंबे समय से लंबित निर्माण कार्य की ओर आकृष्ट हो सके। पं.कन्हैया लाल मिश्रा ने बताया कि सनातन परंपरा में जब किसी महत्वपूर्ण कार्य में बार-बार बाधाएं आती हैं, तो मार्गदर्शन और कार्यसिद्धि के लिए यज्ञ किया जाता है।

# नाबालिग का शव कुएं में मिला

**19 नवंबर को घर से लापता हो गई थी**



**कोतमा नवभारत 21 नवंबर।** जिले के कोतमा थाना क्षेत्र में दो दिन से लापता 14 वर्षीय नाबालिग लड़की का शव शुक्रवार को उसके घर के पीछे बने कुएं में मिला है। लड़की 19 नवंबर से लापता थी, जिसकी गुमशुदगी की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई थी।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को सूचना मिली कि लापता 14 वर्षीय नाबालिग लड़की का शव घर के पीछे बने कुएं में मिला है। जिसके बाद शव को कुएं से बाहर निकाला कर परीक्षण उपरांत पोस्टमॉर्टम के लिए कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया है।

### मां ने मोबाइल फोन चलाने से मना किया था

जानकारी के अनुसार, लामाटोला निवासी प्रभा द्विवेदी 19 नवंबर को अपने घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने बताया कि मां द्वारा फोन चलाने से मना करने पर प्रभा नाराज होकर घर से चली गई थी। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर की जांच शुरू कर दी है। लड़की की मौत के कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा।

## हमारे राम का प्रीमियर 29-30 नवंबर को

**नवभारत, जबलपुर।** फेलिसिटी थिएटर अपने भव्य नाट्य मंचन हमारे राम का प्रीमियर 29 और 30 नवंबर, 2025 को जबलपुर के तरंग ऑडिटोरियम में करने जा रहा है। गौरव भारद्वाज निर्देशित इस मेगा प्रोडक्शन में बॉलीवुड अभिनेता आशुतोष राणा रावण की भूमिका में नज़र आएंगे, जबकि भगवान राम की भूमिका राहुल आर. भुचर निभाएंगे। हनुमान के रूप में दानिश अख्तर, माता सीता के रूप में हरलीन कौर रेखी, भगवान शिव के रूप में तरुण खन्ना और सूर्य देव के रूप में करण शर्मा मंच पर दिखाई देंगे। नाटक की विशेषता है रामायण के अनकहे प्रसंग, अद्भुत सेटअप, हवाई प्रस्तुति और 50 से अधिक नर्तकों का शानदार प्रदर्शन।

# विजय का आधार मतदाता सूची ही होगी : जायसवाल

**मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर कार्यशाला आयोजित**




**अनूपपुर नवभारत 21 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी शुक्रवार को मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के बिजुरी मंडल के तुर्रा धाम में एक दिवसीय मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कोतमा विधानसभा के सभी मंडलों से बड़ी संख्या में भाजपा के बीएलए-2, संगठन के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि आने वाले चुनाव में भाजपा की विजय का आधार मतदाता सूची ही होगी। जिस बूथ की मतदाता सूची मजबूत होगी, वहीं से परिणाम भी अनुकूल आएंगे। प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक सक्रिय रहते हुए हर मतदाता तक पहुंच बनानी होगी। संगठन का कार्य केवल चुनाव के समय नहीं, बल्कि पूरे समय सजग और सतर्क रहकर होना चाहिए।

### एसआईआर पर कार्यकर्ता विशेष ध्यान दें : श्याम

भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा कि संगठन की मंशा कार्यकर्ताओं के समर्पण और अनुशासन से ही पूरी होती है। सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एकजुट होकर मतदाता सूची के शुद्धिकरण पर विशेष ध्यान दें ,भाजपा के विस्तार और जनहित के संकल्प को साकार करें। कार्यकर्ता ही भाजपा की असली ताकत हैं, और जब कार्यकर्ता सशक्त होंगे, तो संगठन स्वत: सशक्त होगा।

**एक नजर में**

## डॉ. सोनी बने रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन



**अनूपपुर नवभारत 21 नवंबर।** जिले में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी का गठन किया गया हैं, जिसके सभापति (चेयरमैन) डॉ. आर.पी.सोनी बनाए गए हैं। भारतीय क्लास समिति मध्य प्रदेश राज्य शाखा की नवीन गठन एवं पदाधिकारी शपथ ग्रहण जिले के सभापति एवं सचिव का राजभवन भोपाल में राज्यपाल द्वारा 28 नवंबर को प्रात: 11 बजे संदीपनी हाल में किया जाएगा। रेडक्रॉस सोसायटी में उपसभापति डॉ.जनक सारीवान, डॉ.देवेंद्र कुमार तिवारी सचिव, अशोक शर्मा को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौपा गया है।

**12 जिला शाखा प्रबंध समिति के सदस्य भी बनाए गए**-इसके अलावा 12 जिला शाखा प्रबंध समिति के सदस्य बनाए गए हैं, जिसमें डॉ. शिवेंद्र कुमार द्विवेदी, हरिनारायण केडिया, राजकिशोर तिवारी, राकेश गौतम, अशोक कुमार शर्मा जैतहरी, संदीप कुमार गौतम, पुष्पेंद्र नामदेव, श्याम नारायण राठौर, रामप्रकाश द्ववेदी, भूपेंद्र सिंह सिंगर, सत्येंद्र पाठक एवं ललित नारायण मिश्रा शामिल है।

## धान उपार्जन हेतु जिला समिति गठित

**अनूपपुर नवभारत 21 नवंबर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की समस्त प्रक्रिया, पंजीयन, स्कंध की गुणवत्ता, पर्यवेक्षण तथा मॉनीटरिंग एवं नीति के अंतर्गत आने वाली कठिनाई के निराकरण हेतु जिला स्तरीय उपार्जन समिति गठित की गई है। समिति के अध्यक्ष कलेक्टर होंगे तथा सदस्य सचिव जिला आपूर्ति अधिकारी को बनाया गया है। सदस्य के तौर पर उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, उपायुक्त, सहायक आयुक्त सहकारी संस्थाएं, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, जिला विपणन अधिकारी मार्कफेड, एमपीडब्ल्यूएलसी के शाखा प्रबंधक, अधीक्षक भू-अभिलेख, जिला प्रबंधक म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन तथा सचिव कृषि उपज मंडी अनूपपुर को शामिल किया गया है।



## फाइनल में पहुंचे एसआरआईटी और जीजीआईटीएस

**नवभारत,जबलपुर।** श्रीराम इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में श्रीराम कॉलेज ग्राउंड पर आयोजित नोडल लेवल क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबलों में एसआरआईटी और जीजीआईटीएस ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल में जीजीआईटीएस ने 15 ओवर में 7 विकेट पर 120 रन बनाए, जिसमें अंबर शर्मा ने 43 रन बनाए। श्रीराम ग्रुप्स की टीम 95 रन पर सिमट गई और 25 रन से हार गई। दूसरे सेमीफाइनल में एसआरआईटी ने 12 ओवर में 104 रन बनाए। हिमांशु ने 44 रन और भागवत ने 4 विकेट लिए। जेईसी की टीम 50 रन ही बना सकी और मैच 54 रन से हार गई ।कार्यक्रम में चेयरमैन रामेंद्र कर्सोलिया, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. एल.के. पटेल, एचओडी बरखा गुप्ता, नोडल अधिकारी भगवान सिंह, खेल अधिकारी नितेन्द्र सिंह और हरविंदर सिंह उपस्थित रहे। निर्णायक रामराव और अशोक रहे।

## डॉ. द्विवेदी तीसरी बार काउन्सलर निर्वाचित

**नवभारत, जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक डॉ. बी.एस. द्विवेदी लगातार तीसरी बार इण्डियन सोसायटी ऑफ सॉइल साइंस, नई दिल्ली के काउन्सलर निर्वाचित हुए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर यह उपलब्धि हासिल कर उन्होंने विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने उन्हें सम्मानित कर बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि मृदा विज्ञान क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान व समर्पण का प्रमाण है। देश की सबसे बड़ी मृदा विज्ञान सोसायटी द्वारा कराए गए इस चुनाव में देशभर से 19 प्रत्याशी मैदान में थे, जिनमें डॉ. द्विवेदी को दूसरी वरीयता प्राप्त हुई।

# होटल-रेस्टोरेंट में घरेलू सिलेंडरों का धड़ल्ले से इस्तेमाल

**खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग की उदासीनता से गैरकानूनी कारोबार फल फूल रहा**



**कोतमा नवभारत 21 नवंबर।** होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों और छोटे उद्योगों में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर (एलपीजी) का अवैध और धड़ल्ले से व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है, जिससे एक ओर सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है, वहीं दूसरी ओर आम उपभोक्ताओं के लिए सब्सिडी वाले सिलेंडर की उपलब्धता प्रभावित हो रही है।

खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग की उदासीनता के चलते यह गैरकानूनी कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर पर सरकार द्वारा सब्सिडी दी जाती है, जिससे इसकी कीमत व्यावसायिक सिलेंडर की तुलना में काफी कम होती है। वर्तमान में 14.2 किलोग्राम के घरेलू सिलेंडर और 19 किलोग्राम के व्यावसायिक सिलेंडर की कीमतों में बड़ा अंतर है। मुनाफा कमाने के लालच में दुकानदार और होटल मालिक महंगे व्यावसायिक सिलेंडर की बजाय सस्ते घरेलू सिलेंडरों का उपयोग करते हैं, जिससे उनकी परिचालन लागत कम हो जाती है।

### सुरक्षा को खतरा और हादसे का डर

घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग केवल आर्थिक अपराध नहीं है, बल्कि यह सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा भी है। व्यावसायिक उपयोग के लिए बनाए गए 19 किलोग्राम के सिलेंडर बड़े होते हैं और अधिक दबाव, निरंतर उपयोग तथा बेहतर सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखकर तैयार किए जाते हैं। घरेलू सिलेंडर इन भारी-भरकम व्यावसायिक जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन नहीं किए गए हैं।

### हादसे की आशंका

लगातार और लंबे समय तक उच्च ताप पर उपयोग किए जाने से घरेलू सिलेंडरों में लीकेज या फटने (ब्लास्ट) की आशंका कई गुना बढ़ जाती है, खासकर भीड़-भाड़ वाले बाजारों और ठेलों पर, जहाँ सुरक्षा नियमों की अक्सर अनदेखी की जाती है।

### विभागीय अनदेखी पर सवाल

जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारी इस दुरुपयोग को रोकने के लिए समय-समय पर छापेमारी और कार्रवाई का दावा करते हैं, लेकिन बाजार में खुलेआम होते इस इस्तेमाल से विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। एजेंसी संचालकों की मिलीभगत और अधिकारियों की अनदेखी के बिना यह बड़े पैमाने पर संभव नहीं है।

### सघन छापामारी की आवश्यकता

खाद्य विभाग को लगातार सघन और अचानक छापेमारी अभियान चलाकर नियम तोड़ने वालों पर तुरंत कड़ी कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। गैस एजेंसियों के संचालकों पर सख्त निगरानी रखी जाए कि वे घरेलू सिलेंडर की बिक्री व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को नहीं करें।

# राज्य स्तरीय जैव विविधता क्विज 25 को

**अनूपपुर नवभारत 21 नवंबर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जैव विविधता बोर्ड के माध्यम से लोक शिक्षण विभाग एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता क्विज (ऑफलाईन) का आयोजन 25 नवम्बर को जिला पंचायत के सामने डाइट भवन अनूपपुर में किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए वन मण्डलाधिकारी अनूपपुर ने बताया है कि क्विज प्रतियोगिता में जिलेभर के समस्त विद्यालय हायर सेकेण्डरी श्रेणी (कक्षा 9 वीं से 12 वीं) में हैं तो एक कक्षा से एक ही विद्यार्थी (कुल तीन विद्यार्थियों की एक टीम), जिसमें छात्र-छात्राओं का क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 24 नवम्बर तक टीम का पंजीयन किया जाएगा। तत्पश्चात् 25 नवम्बर को जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज-2025 का आयोजन किया जाएगा।

**विजयी टीमों को किया जाएगा पुरस्कृत**

इसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान में आने वाले छात्र-छात्राओं की टीम को पुरुस्कृत किया जाएगा। प्रथम स्थान पर आने वाले टीम को स्वर्ण पदक तथा प्रमाण पत्र, द्वितीय स्थान पर आने वाले टीम को रजत पदक तथा प्रमाण पत्र एवं तृतीय स्थान पर आने वाले टीम को कांस्य पदक तथा प्रमाण पत्र से पुरुस्कृत किया जाएगा। प्रथम स्थान पर आने वाले टीम 12 दिसम्बर को राज्य स्तरीय मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता क्विज-2025 (ऑनलाईन) में भाग लेंगे।

# सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में ननि आया अव्वल




**नवभारत, जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के सतत् प्रयास एवं मॉनिटरिंग रंग लाई है। सी.एम. हैल्पलाइन के माध्यम से नगर निगम को प्राप्त अधिकांश शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर नगर निगम ने वेटेज स्कोर के आधार पर 98.58 प्रतिशत प्राप्त कर प्रदेश में जबलपुर नगर निगम अव्वल आया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा कुल 3 हजार 5 सौ 39 शिकायतों में से लगभग 59.34 प्रतिशत शिकायतों का शिकायतकर्ताओं से चर्चा कर उनकी संतुष्टि के उपरांत निराकरण कराया गया है। नगर निगम को इसके लिए मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जारी ग्रेडिंग लिस्ट में प्रदेश में प्रथम रैंक प्राप्त करते हुए ए ग्रेड प्राप्त किया है। इस प्रकार नगर निगम जबलपुर के द्वारा अधिकतम प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक एवं सकारात्मक निराकरण किया गया। सी.एम. हैल्प लाइन की प्रभारी तथा सहायक आयुक्त शिवांगी महाजन ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन स्तर पर प्रतिमाह नगर निगम के कार्यो की ग्रेडिंग जारी की जाती है। जिसके अंतर्गत माह अक्टूबर 2025 की ग्रेडिंग जारी हुई है, जिसमें जबलपुर को ए ग्रेड और प्रदेश के सभी नगर निगमों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह निगम के लिए बड़ी उपलब्धि है।


अवलोकन | पौधा रोपण हितग्राहियों से सीईओ ने चर्चा की, ग्राम भेजरी, बहपुर, कोहका में कार्यों का किया अवलोकन

# पौधों के संरक्षण, संवर्धन और सुरक्षा पर ध्यान दिया जाए : अर्चना

**अनूपपुर।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने शुक्रवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम भेजरी में जनमन आवास, लेमनग्रास रोपण, ग्राम बहपुर में एक बगिया मां के नाम, केटल शेड, कोहका पूर्व में कोदो इकाई का किया अवलोकन किया गया।

भ्रमण के दौरान कृषि विभाग की उपसंचालक निशा सिन्हा,जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन शशांक प्रताप सिंह, सीईओ जनपद पंचायत गणेश पांडेय, एपीओ मनरेगा वरुणेंद्र सिंह ,सहायक यंत्री आरईएस प्रवेश गौतम, सहायक ब्लॉक प्रबंधक आजीविका मिशन तथा समूह सदस्य उर्मिला परस्ते, प्रमिला सिंह, सुनीता परस्ते आदि उपस्थित रहे।

### आवास योजना की जानकारी ली



जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत भेजरी में प्रधानमंत्री जन मन आवास तथा कृषि विभाग के लेमनग्रास हितग्राहियों से चर्चा कर जानकारी ली गई। उन्होंने लेमनग्रास के हितग्राहियों से चर्चा करते हुए उनके कार्यों की तथा लेमनग्रास के विक्रय आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

### केटल सेट का किया अवलोकन

ग्राम पंचायत बहापुर में मनरेगा योजना अंतर्गत एक बगिया मां के नाम चयनित पौधारोपण स्थल का अवलोकन किया तथा हितग्राहियों से चर्चा करते हुए पौधारोपण के संरक्षण, संवर्धन व सुरक्षा के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने ग्राम पंचायत द्वारा बनाए गए केटल सेट का भी अवलोकन किया।

**मार्केटिंग के बारे में दिए सुझाव**

ग्राम कोहका पूर्व में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व सहायता समूहों द्वारा संचालित कोदो प्रोसेसिंग इकाई एवं बेकरी इकाई का अवलोकन करते हुए जिला पंचायत सीईओ ने समूह सदस्यों से कच्चे माल की उपलब्धता, प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, मार्केटिंग आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक सुझाव एवं मार्गदर्शन दिया गया। सीईओ जिला पंचायत ने इकाई के अपग्रेडेशन के संबंध में भी स्व सहायता समूहों के सदस्यों से चर्चा की एवं शासन स्तर से मिलने वाले सहयोग के बारे में अवगत कराया।